Regarding establishment of a Thermal Power Plant in Salempur Parliamentary Constituency-laid

श्री रविन्दर कुशवाहा **(सलेमपुर):** देश के यशश्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन व ऊर्जा मंत्री जी के अथक प्रयासों से आज देश के लगभग हर गांव में बिजली पहुंचाई जा चुकी है । मेरी माननीय ऊर्जा मंत्री जी से मांग है कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र एवं पश्चिम बिहार में पर्याप्त बिजली आपूर्ति के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया-सलेमपुर में एक 5600 मेगावाट का धर्मल पावर प्लांट की आवश्कता है । देवरिया जिले के भटनी क्षेत्र में लगभग 1500 एकड़ भूमि उपलब्ध है । संसदीय क्षेत्र देवरिया-सलेमपुर थर्मल पावर परियोजना स्थापित करने के सभी मानकों को पूरा करता है तथा यहां पर बारहमासी गंडक नदी जल स्रोत के रूप में तथा प्रचुर मात्रा में कोयले की आपूर्ति हेतु रेल मार्ग भटनी रेलवे स्टेशन एवं सड़क मार्ग की उपलब्धता है तथा 80 किलोमीटर दूर गोरखपुर हवाई अड्डा एवं 60 किलोमीटर दूर कुशीनगर एयरपोर्ट मौजूद है । अतः मेरी माननीय ऊर्जा मंत्री जी से मांग है कि क्षेत्रवासियों को 24 घंटों बिजली की आवश्कता को पूर्ण करने के लिए अतिमहत्वपूर्ण धर्मल पावर प्रोजेक्ट को स्थापित करवाने की कृपा प्रदान करें ।